**अति–महत्वपूर्ण/समयबद्ध/तत्काल**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/2025/** 1804 **लखनऊः दिनांकः** 03/06/**2025**

**विषयः** **परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर, फार्मेसी पाठ्यक्रम परीक्षा जून 2025 के सुचितापूर्ण संचालन के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर, फार्मेसी पाठ्यक्रम परीक्षा जून 2025 की परीक्षाएं दिनांक 09.06.2025 से 17.06.2025 के मध्य परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जानी है। फार्मेसी पाठ्यक्रम परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड संस्था लॉगिन एवं स्टूडेण्ट लॉगिन पर उपलब्ध करा दिय गये हैं। छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने संबंधी निर्देश निम्नवत् हैः–

1. सभी संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक दिनांक 06.06.2025 की सांय 05:00 बजे तक अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को शील/संस्था मुहर लगाकर हस्ताक्षर करते हुए एडमिट कार्ड उपलब्ध करायेंगे।
2. संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक की शील एवं हस्ताक्षर के बिना एडमिट कार्ड वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित नही कराया जायेगा।
3. यदि किसी संस्था के छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है, तो उसे किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाए।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/2025/** 1805-09 **तद्दिनांकः** 03/06/**2025**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ सादर प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner